# सरकार ने अर्थव्यवस्था को पर्याप्त रूप से संभाला है : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कहा कि सरकार ने अर्थव्यवस्था को पर्याप्त रूप से संभाला है। सरकार द्वारा दिए गए आंकड़े सटीक और यथार्थवादी हैं। जीएसटी में छूट और केंद्र से अनुदान प्राप्त नहीं हुए हैं। इन सभी कारणों से बजट राजस्व घाटा हुआ है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर विधान परिषद में हुई बहस के जवाब में मुख्यमंत्री और विपक्षी दलों के नेताओं सहित कुल 26 सदस्यों ने लगभग 14 घंटे 40 मिनट तक अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वे सदस्यों की आलोचनाओं और सुझावों की सराहना करते हैं।

उन्होंने कहा, विपक्षी दल इस बार के बजट को राजस्व घाटा बताकर आलोचना कर रहे हैं। लेकिन इसकी मूल वजह वित्त आयोग में केंद्र सरकार द्वारा राज्य के साथ किया गया अन्याय, जीएसटी संशोधन में 10 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, जेजेएम में 15 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और जीएसटी मुआवजे का निलंबन है। 14वें वित्त आयोग में कर्नाटक को 4.713 प्रतिशत हिस्सा मिला था। लेकिन 15वें वित्त आयोग में यह घटकर 3.647 प्रतिशत रह गया, जो 1.1 प्रतिशत कम था और अन्यायपूर्ण था। इसके अनुसार, राज्य के लिए 11495 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है। केंद्र सरकार ने 2023-24 में ऊपरी भद्रा के लिए घोषित 5300 करोड़ रुपये का अनुदान अभी तक जारी नहीं किया है। तत्कालीन भाजपा सरकार ने भी इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी। लेकिन इनमें से कोई भी घोषणा सार्थक नहीं हुई। इसलिए, उन्होंने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से केंद्र सरकार से फिर से अपील करने की आवश्यकता है।



कर संग्रह लक्ष्यों को अवैज्ञानिक बताकर आलोचना की गई है। उन्होंने कहा कि 2025-26 के लिए लक्ष्य 120,000 करोड़ रुपये, 2026-27 के लिए 1,25,000 करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क के लिए 2025-26 में 40,000 करोड़ रुपये और 2026-27 के लिए 45,000 करोड़ रुपये, पंजीकरण विभाग के लिए 2026-27 में 29,000 करोड़ रुपये और मोटर वाहन कर के लिए 15,500 करोड़ रुपये है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी अवैज्ञानिक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। इस बात की आलोचना की गई है कि हमें गारंटी योजनाओं के कारण ऋण लेना पड़ता है। गारंटी योजनाओं ने महिलाओं को सशक्त बनाया है। समाज की विचारधारा के अनुसार, महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक शक्ति नहीं दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल और गैस सिलेंडरों की कीमतें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों को जुटाने के लिए हमने कुछ कीमतें बढ़ाई हैं, लेकिन विभिन्न राज्यों की तुलना में हमारी मूल्य वृद्धि कम है।

वर्ष 2026-27 में गारंटी के लिए 51286 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मार्च 2026 तक गारंटी के लिए 1,31,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। वे इसकी आलोचना करते हुए कहते हैं कि इससे विकास के लिए धन की कमी हो गई है। लेकिन 2025-26 में पूंजीगत व्यय 83200 करोड़ रुपये रखा गया है, और 2026-27 के लिए लगभग 84567 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं। तमिलनाडु और महाराष्ट्र राज्यों का पूंजीगत व्यय हमसे कम है। हमारी सरकार ने सिंचाई, सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य आदि सहित कई विभागों के अनुदान में कटौती नहीं की है। हमारी गारंटी की आलोचना करने वाले भाजपा दल का कहना है कि हमारी गारंटी का अनुसरण अन्य राज्यों में भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मैंने कर्नाटक में 17 बार बजट पेश किया है। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अगर मैंने राज्य और जनता के हितों की रक्षा न की होती, तो वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालते हुए मैं 17 बार बजट पेश नहीं कर पाता। अगर मैंने जनहितैषी कार्य न किए होते, राज्य के हितों की रक्षा न की होती, और कर्नाटक की जनता का आशीर्वाद, विधायकों और उच्च कमान का समर्थन न मिला होता, तो मैं रिकॉर्ड बजट कैसे पेश कर पाता?

### आरक्षण विरोध



आंतरिक आरक्षण में हो रहे अन्याय के खिलाफ बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में खानाबदोश समुदाय का जोरदार प्रदर्शन।

## उपचुनाव क्षेत्रों में 9 अप्रैल को आम अवकाश घोषित

बेंगलूरु। राज्य में बागलकोट (24) और दावणगेरे दक्षिण (107) विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा के मद्देनजर, कर्नाटक सरकार ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में गुरुवार, 9 अप्रैल को आम अवकाश घोषित किया है, जिस दिन मतदान होगा। मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में सुविधा प्रदान करने के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं। यह अवकाश केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों पर लागू होता है जहां उपचुनाव हो रहे हैं। यह अवकाश राज्य सरकार के सभी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों (सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों सहित), राष्ट्रीयकृत बैंकों, जीवन बीमा निगम, वित्तीय संस्थानों और निर्वाचन क्षेत्र के भीतर स्थित अन्य वैधानिक निकायों पर लागू होगा। सरकार ने 'परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881' और 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951' के तहत सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, व्यापार और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले पात्र मतदाताओं (दैनिक वेतन भोगियों सहित) को सवैतनिक अवकाश देने का आदेश दिया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के सरकारी अवर सचिव ने एक बयान में कहा है कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को छोड़कर सभी पात्र मतदाताओं को इस सुविधा का उपयोग करके बिना किसी चूक के मतदान करना चाहिए।

## बेंगलूरु 10के में भारतीय एलीट वर्ग की अगुवाई करेंगे गुलवीर सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मौजूदा एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह रविवार को बेंगलूरु में होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) दौड़ में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है।

गुलवीर इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने इसी महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया था, जहां उन्होंने 59:42 का समय लिया था, जो किसी भी भारतीय हाफ मैराथन धावक का सर्वश्रेष्ठ समय है।

टीसीएस वर्ल्ड 10के की कुल पुरस्कार राशि 210,000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को 26,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

गुलबीर ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''इस प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है और मैं इस साल इसमें भाग लेने को लेकर उत्साहित हूं। बेंगलूरु की सड़कों पर खुद को फिर से परखने का यह एक शानदार अवसर होगा।''

## महावीर जयंती की छुट्टी में बदलाव : 31 के बजाय 30 को छुट्टी घोषित

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने वर्ष 2026 के लिए सामान्य छुट्टियों की सूची में मामूली बदलाव किए हैं, जिसमें महावीर जयंती के अवसर पर दी जाने वाली छुट्टी की तारीख में संशोधन किया गया है। सरकार ने मंगलवार, 31 मार्च, 2026 को निर्धारित आम अवकाश को सोमवार, 30 मार्च, 2026 में बदलने का आदेश जारी किया है। यह अवकाश 'परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881' के तहत भी लागू होगा। राज्य सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के अवर सचिव ने इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है और जनता एवं सरकारी कर्मचारियों को इस बदलाव पर ध्यान देना चाहिए, उन्होंने घोषणा में कहा।

## मुडा मामले में उच्च न्यायालय ने सिद्दरामय्या, उनकी पत्नी, लोकायुक्त पुलिस और ईडी को नोटिस जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए-मुडा) भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट' के संबंध में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

अदालत ने लोकायुक्त पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'बी-रिपोर्ट' (क्लोजर रिपोर्ट) पर भी जवाब मांगा है। 'क्लोजर रिपोर्ट' जांच एजेंसियों द्वारा अदालत को सौंपा जाता है, जिसमें यह बताया जाता है कि अपर्याप्त साक्ष्यों के कारण आपराधिक मामला बंद किया जा रहा है।

लोकायुक्त पुलिस द्वारा दायर 'बी-रिपोर्ट' को चुनौती देने वाली कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एस. सुनील दत्त यादव ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। एमयूडीए मामले में, आरोप है कि सिद्दरामय्या की पत्नी को मैसूरु के एक पॉश इलाके में मुआवजे के तौर पर जमीन आवंटित की गई थी, जिसका मूल्य प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित उनकी जमीन से अधिक है। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले 50:50 के अनुपात में भूखंड आवंटित किये थे, जिस पर प्राधिकरण ने एक आवासीय परियोजना विकसित की थी।

इस योजना के तहत, एमयूडीए आवासीय परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित अविकसित भूमि के बदले भूस्वामियों को विकसित भूमि का 50 प्रतिशत हिस्सा आवंटित करता है। कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने सिद्दरामय्या, उनकी पत्नी और उनके साले के खिलाफ इस सिलसिले में मामला दर्ज किया था। लोकायुक्त पुलिस ने बाद में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल करके उन्हें क्लीन चिट दे दी, जिसे 28 जनवरी को जन प्रतिनिधियों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने स्वीकार कर लिया।

### राम नवमी



भक्ति के रंग में रंगे नन्हे बाल-रूप! बेंगलूरु के मंदिर में 'राम नवमी' के पावन अवसर पर भगवान श्री राम और माता सीता की मनमोहक वेशभूषा में सजे बच्चे।

## भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत

बेंगलूरु। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टें भारत के संविधान के अनुच्छेद 151(2) के तहत मुख्यमंत्री की ओर से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव द्वारा विधान सभा में प्रस्तुत की गईं। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टें, अर्थात्, मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए राज्य की लेखापरीक्षा रिपोर्ट (अनुवर्ती लेखापरीक्षा-सिविल) (रिपोर्ट संख्या 1 वर्ष 2026), वर्ष 2024-25 को समाप्त वर्ष के लिए राज्य के वित्तीय मामलों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट (रिपोर्ट संख्या 2 वर्ष 2026) और मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए राज्य राजस्व की रिपोर्ट (अनुवर्ती लेखापरीक्षा-सिविल) (रिपोर्ट संख्या 3 वर्ष 2026), भारत के संविधान के अनुच्छेद 151(2) के तहत मुख्यमंत्री की ओर से विधान सभा में प्रस्तुत की गईं।



**प्रदर्शन**

कर्नाटक दलित संघर्ष समिति ने 1976 की आईपीडी सलप्पा समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग को लेकर फ्रीडम पार्क में बुलंद की आवाज।

**दक्षिण पश्चिम रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं:
27-SNT-MYS-2025-01 & 27-SNT-MYS-2025-02 दिनांक: 20.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01 | एसएमएमएस पोर्टल में अतिरिक्त सिग्नलिंग संपत्तियों के डेटा को अपडेट करने पर मुख्य ध्यान देने के लिए परिचालन वाली रेलवे लाइनों पर अतिरिक्त रखरखाव के काम (पर्यवेक्षण के साथ) करने के लिए 2 साल की अवधि के लिए 17 कुशल सिग्नल तकनीशियनों की भर्ती। | रु. 1,29,84,622.56 |
| 02 | मैसूरु विभाग में 2 साल की अवधि के लिए एसटी संपत्तियों की स्थापना, रखरखाव और निगरानी के साथ-साथ डीआरएम भवन, अनुभाग, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनी और आरएच/वीआरसी में नई कनेक्टिविटी / प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने के लिए 24 अत्यधिक कुशल दूरसंचार तकनीशियनों की भर्ती। | रु. 2,02,06,886.40 |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि:
11.04.2026, 11:30 बजे तक

विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार इंजीनियर
PUB/1015/AAF/PRB/SWR/2025-26 मैसूरु

**रेलओन** ऐप डाउनलोड करें। **रेलओन** इंडियन रेलवे का ऑल-इन-वन रेलवे ऐप है। पैसेंजर अपनी उंगलियों पर आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट, प्लेटफ़ॉर्म टिकट और सीज़न पास बुक कर सकते हैं, पीएनआर स्थिती परिशीलन कर सकते हैं, खाना ऑर्डर कर सकते हैं और कई दूसरी सेवाओं को एक्सेस कर सकते हैं। रेलओन ऐप से अनारक्षित टिकट बुक करने के लिए डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करें और 3% तक छूट का फ़ायदा उठाएँ।

South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways

# बेंगलूरु के हित में लिए गए फैसलों का आलोचकों को पछतावा होगा : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु शहर के हित में लिए गए हमारे अनेक निर्णयों की आलोचना करने वाले लोग अगले पांच वर्षों में कहेंगे कि डी.के. शिवकुमार ने अच्छा निर्णय लिया था। मैं इस निर्णय से संतुष्ट हूं। अभी मैं इसे किसी और को नहीं सौंप सकता, लेकिन समय आने पर वे सहमत होंगे, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने आज सदन में कहा। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, जो बेंगलूरु के शहरी विकास मंत्री भी हैं, ने गुरुवार को विधानसभा में ग्रेटर बेंगलूरु पर हुई बहस का जवाब देते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, विपक्षी नेताओं ने जीबीए को लेकर कई चर्चाएँ की हैं। आर. अशोक और अश्वथ नारायण ने कई सुझाव दिए हैं। मैं उनके सुझावों से सहमत हूँ। उन्होंने आलोचनाएँ भी की हैं। मैं आलोचना को हमेशा स्वीकार करता हूँ। आलोचना के बिना कोई बदल नहीं सकता। सोने की परीक्षा के लिए उसे अग्नि में तपाया जाता है। उसी तरह, जब किसी व्यक्ति की परीक्षा होती है, तो लोग उसकी आलोचना और आरोप लगाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इसे कैसे सुधारें। आलोचना करने पर मैं तुरंत क्रोधित नहीं होऊंगा।

**यातायात जाम प्रबंधन :**

मैंने रुचिवश बेंगलूरु विकास विभाग का कार्यभार संभाला है। मैं पहले शहरी विकास मंत्री और ऊर्जा मंत्री रह चुका हूँ। अब मेरे पास काफी अनुभव है और मैंने बेंगलूरु में भी बदलाव लाने का फैसला किया है। हालांकि, कुछ लोगों ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष का भी कर्तव्य है। बेंगलूरु विकास विभाग का कार्यभार संभालने के बाद मैंने काफी अध्ययन किया है। मैं बेंगलूरु की समस्याओं का समाधान ढूंढ रहा हूँ। उस समय यहाँ की जनसंख्या 70 लाख थी, जो अब 1.4 करोड़ हो गई है। यहाँ 13 लाख वाहन हैं। अन्य शहरों में बड़ी सड़कें केवल 16 प्रतिशत हैं, जबकि हमारे यहाँ केवल 8 प्रतिशत हैं। पहले नाइस रोड का निर्माण हुआ था, लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। अगर उस समय पेरिफेरल रिंग रोड बन जाती, तो 30 लाख करोड़ रुपये खर्च होते। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हुई है।

बेंगलूरु शहर के प्रशासन में सुधार के लिए 15 मई, 2025 को एक नई अधिसूचना जारी की गई और मौजूदा क्षेत्रों सहित पांच निगमों का गठन किया गया। 2 सितंबर को 74वां संशोधन लाने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय अचानक नहीं लिया गया। विपक्ष के नेताओं के अनुसार, एक सदन समिति का गठन किया गया और उनके सुझाव लिए गए। यदि इसमें कोई त्रुटि है, तो उसे भी सुधारा जाएगा। अब 369 वार्ड बनाए गए हैं। बेंगलूरु का विभाजन किसी कारण से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह प्रशासन का विकेंद्रीकरण है। बेंगलूरु में बड़ी परियोजनाएं शुरू की जानी हैं और इसके लिए सरकार को सहायता की आवश्यकता है, और इसके लिए मुख्यमंत्री को जीबीए का प्रमुख बनाया गया है। बेंगलूरु में योजना प्राधिकरण नहीं था, उस समस्या का भी समाधान हो गया है। जीबीए इस पर निर्णय लेगा।

वर्ष 2008 में भाजपा सरकार ने बेंगलूरु के विकास के लिए पांच वर्षों हेतु 1960 करोड़ रुपये का अनुदान दिया था। हमारी सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये दिए थे, जिसे भाजपा ने बढ़ाकर 12,000 करोड़ रुपये कर दिया। इस प्रकार, हमने चरणबद्ध तरीके से 3,000 करोड़ रुपये, 2025 में 7,000 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री अनुदान के रूप में 1,500 करोड़ रुपये दिए हैं। इस वर्ष 7,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इस प्रकार, अनुदान समय के साथ बढ़ता गया है। उन्होंने कहा भाजपा ने 2020 में भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए कर कानून में कोई बदलाव नहीं किया है। हमने लोगों को अधिक सुविधाएं प्रदान की हैं। ओटीएस और जुर्माने में कमी सहित कई अवसर दिए गए हैं। ओटीएस के कार्यान्वयन से 1277 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है।

**बेंगलूरु ग्लोबल सिटी :**

मोदी ने बेंगलूरु को वैश्विक शहर क्यों कहा? उन्होंने कहा कि बेंगलूरु को भविष्य की सभी चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि भारत को बेंगलूरु के नजरिए से देखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा वैश्विक नेता पहले दिल्ली आते थे, लेकिन अब समय बदल गया है, वे पहले बेंगलूरु आएंगे। उन्होंने कहा यह न केवल हमारे प्रयासों से, बल्कि प्रतिभाशाली युवाओं, नागरिकों और सभी सरकारों के प्रयासों से संभव हुआ है।

**बेंगलूरु में सड़क चौड़ीकरण असंभव :**

ट्रैफिक जाम के बारे में हमारे पास और भी खबरें हैं। भले ही मुंबई, हैदराबाद और दिल्ली की स्थिति हमसे बदतर हो, फिर भी हमारे पास इससे भी बेहतर खबरें हैं। हमने ट्रैफिक को लेकर कई कदम उठाए हैं। बेंगलूरु में सड़क कवरेज सिर्फ 8 प्रतिशत है। सड़क चौड़ीकरण की जरूरत है, और 2013 के मुआवजा कानून के बाद मुआवजा दोगुना होना चाहिए। इसलिए, सड़क चौड़ीकरण असंभव है। इसीलिए हमने बेंगलूरु बिजनेस कॉरिडोर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि को यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता। हमने वहां के भूस्वामियों को 2013 के कानून के अनुसार मुआवजा दिया है। हमने मुआवजे के लिए 5 अवसर दिए हैं। परियोजना के पहले चरण के कार्यान्वयन के लिए 80 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया की अनुमति मिल चुकी है। जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। यह सड़क बेंगलूरु में ट्रैफिक जाम को आधा कर देगी। इस परियोजना के लिए एक ही दिन में 26,000 करोड़ रुपये का ऋण देने के लिए हम हुडको के आभारी हैं।

**यातायात जाम से राहत पाने के लिए सुरंग एक अच्छा विकल्प है:**

चूंकि शहर के अंदर सड़कों को चौड़ा करना असंभव है, इसलिए मैंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और प्रधानमंत्री से मुलाकात की है और सुरंग वाली सड़क बनाने का प्रस्ताव रखा है। मुंबई में 6-7 सुरंग वाली सड़कें बन रही हैं। बेंगलूरु में यातायात की भीड़ कम करने के लिए इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। सुरंग वाली सड़क के कुछ बिंदुओं पर भूमि अधिग्रहण के लिए 2-3 हजार करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया इसके अलावा, सड़क निर्माण के लिए 17 हजार करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। हमारी निविदा और अन्य राज्यों की सुरंग वाली सड़कों की निविदाओं में बड़ा अंतर है। हमारी लागत 700-800 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर होगी, जबकि अन्य राज्यों की लागत 1300-1400 करोड़ रुपये है।

कार्यालय परियोजना प्रबंधक, यूनिट -01
कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज
**उत्तर प्रदेश जल निगम** (नगरीय)
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
कार्यालय पता:- भवन सं0-6, कृष्णा कुटीर व्हाईट हाउस, फेज-2, वीरास्वामी रेड्डी ले-आउट के समीप, कांदुगौडी, बैंगलुरु। Mob. No. 7379017520
e-mail : cdsunit01@gmail.com

पत्रांक: 342/एम-6/82
दिनांक: 24.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा Construction of Central Covered Courtyard Works at Jawahar Navodaya Vidyalaya Ramanagra, Distt.-Ramanagra (Karnataka) अनु. लागत ₹ 90.13 लाख हेतु दिनांक 03.04.2026 की अपरान्ह 05:00 बजे तक ई-निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 26.03.2026 से दिनांक 03.04.2026 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement की वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-निविदा दिनांक 04.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-01, सी. एण्ड डी.एस., उ.प्र. जल निगम (नगरीय), भवन सं.-6, कृष्णा कुटीर व्हाईट हाउस, फेज-2, वीरास्वामी रेड्डी ले-आउट के समीप, कांदुगौडी, बैंगलुरु खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹5,000+GST (18%) अतिरिक्त देय होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि वे उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

## सहयोग राशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के अलसूर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, जैन युवक संघ तथा नवकार बहू मंडल के सदस्यों ने स्वस्फूर्त प्रेरणा से गौमाता के चारे के लिए एकत्रित किए गए तीन लाख इक्कीस हजार रुपयों की सहयोग राशि की थैली हेन्नूर के श्रीकृष्ण गौशाला के संचालक पुखराज महाराज को समर्पित की। गत दिनों गौशाला में आकस्मिक घटना में गौमाता के लिए रखा चारा जल गया था, गायों के सहयोगार्थ क्षेत्र के दानदाताओं ने स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान की। पुखराजजी ने अलसूर संघ की सेवा भावना की अनुमोदना की। इस अवसर पर जैन युवक संघ अलसूर के अध्यक्ष लोकेश तातेड़, मंत्री संजय सुराणा के साथ अन्य सदस्य व श्रावक संघ के अध्यक्ष धनपतराज बोहरा एवं मंत्री अभय कुमार बांठिया आदि उपस्थित थे।

# धर्म, शांति और स्वरक्षा के नाम पर आज चारों ओर अधर्म का बोलबाला है: आचार्य विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। शहर के जैन मरुधर संघ के तत्वावधान में गुरुवार को मरुधर शांति भवन में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि अरिहंत व सिद्धत्व की साधना मोह और अज्ञान से मुक्त होने के लिए है। भगवान की पूजा-अर्चना, उनके मंत्रजाप अथवा उनके ध्यान से जीवन में सम्यग्ज्ञान और सात्विक भावनाओं की परिणति होनी चाहिए, तभी आराधना-उपासना सार्थक मानी जा सकती है। अरिहंत व सिद्ध तत्व की पूजा उनको दिखाने या खुश करने के लिए नहीं होती, वह तो अपने दोषों को दूर करने और गुणवान बनने के लिए होती है। गुणवान आत्माओं की पूजा से जीवन में गुण आते हैं। ज्ञानियों की संगति से जीवन ज्ञानवान बनता है। अज्ञान से मुक्त हुए बिना जीवन का कल्याण नहीं होता। भगवान महावीरस्वामी ने आचारांग सूत्र में इस बात को मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया है।हम सब प्रतिपल दुःखों का रोना रोते हैं, पर अज्ञान से मुक्त बनने के अल्प प्रयास भी नहीं करते। दूसरों को दुःख देकर सुख पाने की अभिलाषा घोर अज्ञानता नहीं तो और क्या है ? जैनाचार्य ने अनेक मर्मस्पर्शी बातें प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि अहिंसा, क्षमा, सद्भावना, शांति, सौम्यता, सहयोग, मैत्री भावना आदि साधना के प्राणतत्व हैं। इनके बगैर की जाने वाली सारी धर्म आराधना-उपासना निरर्थक है। वर्तमान विश्व में युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, द्वेष, हत्या, चोरी, बलात्कार, झूठ, कपट आदि का बोलबाला है। यह सब धर्म के साथ धोखा है, निपट अज्ञानदशा है। ये दुष्कृत्य दुर्भाग्य का बीजारोपण हैं। पाप के अनुबंध और दुःखों के भुगतान के अलावा इनकी कोई फलश्रुति नहीं होगी। इस प्रकार वर्तमान विश्व में धर्म, शांति और स्वरक्षा के नाम पर बहुत बड़ी मात्रा में सिर्फ अधर्म हो रहा है। जो काम जानवर नहीं करते, मानवता को कलंकित करने का वह काम मनुष्य कर रहा है।ङ्गगुरुवार को राज्य के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी के सांसद बसवराज बोम्मई ने धर्मसभा में उपस्थित होकर आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी व गणि पद्मविमलसागरजी से आशीर्वाद ग्रहण किए। जैनाचार्य ने उन्हें निरंतर सत्कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।



सांसद बसवराज बोम्मई संतश्री के दर्शन करने पहुंचे।

# वाणिज्यिक कर विभाग के कार्यालय 30 को कार्य करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए, करदाताओं की सुविधा के लिए, महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आम अवकाश के बावजूद, वाणिज्यिक कर विभाग के सभी कार्यालय 30 मार्च को खुले रहेंगे। वाणिज्यिक कर आयुक्त ने एक बयान में कहा कि करदाता इस अवसर का उपयोग अपने लंबित कर भुगतानों और अन्य विभागीय कार्यों को पूरा करने के लिए कर सकते हैं।

इंफोसिस 5,260 करोड़ रुपये के सौदे में ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी, स्ट्रेटस का अधिग्रहण करेगी

बेंगलूरु। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस ने स्वास्थ्य और बीमा क्षेत्र की दो कंपनियों के अधिग्रहण की घोषणा की है। इन दोनों सौदों की कुल कीमत करीब 5,260 करोड़ रुपये बताई गई है।

कंपनी ने कहा कि वह स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल बदलाव से जुड़ी कंपनी ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी का अधिग्रहण करेगी। इस सौदे की कीमत अधिकतम 46.5 करोड़ डॉलर होगी। यह अधिग्रहण वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है, बशर्ते सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो जाएं। इन्फोसिस ने बयान में कहा कि उसने ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी के अधिग्रहण के लिए पक्का समझौता किया है। यह कंपनी स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल बदलाव और परामर्श सेवाएं देने वाली अग्रणी कंपनियों में मानी जाती है और स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले संस्थानों को बड़े स्तर पर बदलाव लाने में मदद करती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलील पारेख ने कहा कि ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है और इसके अनुभव से इन्फोसिस को बड़े स्तर पर डिजिटल बदलाव लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, इन्फोसिस ने बीमा क्षेत्र की प्रौद्योगिकी समाधान देने वाली कंपनी 'स्ट्रेटस' के अधिग्रहण का भी पक्का समझौता किया है। यह सौदा नकद 9.5 करोड़ डॉलर का है। अमेरिकी कंपनी स्ट्रेटस बीमा कंपनियों को प्रौद्योगिकी परामर्श और समाधान उपलब्ध कराती है। कंपनी के पास 450 से अधिक विशेषज्ञों की टीम है और यह अमेरिका, कनाडा और भारत में अपनी सेवाएं देती है।



जयप्रकाश अग्रवाल



विनोद गर्ग

# जयप्रकाश बने मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु के अध्यक्ष, विनोद बने सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) बेंगलूरु शाखा की वार्षिक बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई। बैठक में वर्षभर की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। चुनाव अधिकारी स्नेहकुमार जाजू ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जयप्रकाश अग्रवाल को अध्यक्ष, विनोद गर्ग को सचिव एवं आशु मित्तल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की।

नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं और आगामी कार्यकाल के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## दुर्गा पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के फरिश्ते चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जयनगर स्थित अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। ट्रस्ट की अध्यक्ष सीमा गुप्ता एवं अन्य ने मुणोत को सम्मानित किया।

## जुलूस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ गुरुवार को नागपुर में रामनवमी के जुलूस में शामिल हुए।



# पांडाल पूजन के साथ महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारियों का हुआ शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत जैन युवा संगठन के तत्वावधान में फ्रीडम पार्क में पांडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान महावीर का स्मरण करते हुए आयोजन की सफलता के लिए मंगलकामनाएं की गईं तथा परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। संगठन के अध्यक्ष मुकेश सुराणा ने सभी पदाधिकारियों और समितियों के सदस्यों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस वर्ष महोत्सव को और अधिक भव्य तथा संगठित रूप से मनाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। उपाध्यक्ष रितेश पामेचा व मंत्री सुश्रुत चेलावत ने बताया कि पांडाल पूजन के साथ ही महोत्सव की तैयारियों ने एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान मानव सेवा से जुड़े विभिन्न स्टॉल्स के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सेवा के कार्य किए जाएंगे। साथ ही जीव दया के अंतर्गत पशु-पक्षियों की रक्षा, उन्हें आहार उपलब्ध कराने तथा जीवों के प्रति दया और संवेदनशीलता का संदेश समाज तक पहुँचाने के लिए विशेष स्टॉल्स लगाए जाएंगे। ङ्गङ्गइस मौके पर पंडाल समिति के चेयरमैन कुशल डूंगरवाल, सह चेयरमैन संतोष डूंगरवाल तथा अनिल बंट पांडाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर सहमंत्री दीपेश धोका, कोषाध्यक्ष विनय गांधी, पूर्व अध्यक्ष महावीर मुणोत, पूर्व मंत्री नीरज कटारिया, मदन मुणोत, पूर्व सहमंत्री विशाल गुगलिया सहित अनेक सदस्य व सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी दिनेश खिंवेसरा आदि उपस्थित थे।



# शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज भवन के लिए भूखण्ड पर हुआ भूमिपूजन एवं शिलान्यास

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के एयरपोर्ट रोड़ पर देवनहल्ली के पास शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज बेंगलूरु के भूखण्ड पर बुधवार को समाज भवन के लिए अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं धर्मपत्नी संतोष शर्मा के यजमानत्व में विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में वेदमंत्रों के साथ गणपति पूजन, सूर्यनारायण पूजा, नवग्रह पूजा, महालक्ष्मी पूजा सहित वास्तु पूजा के साथ विधि-विधान पूर्वक भूमि पूजन एवं शिलान्यास पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, चेतनप्रकाश शर्मा, बाबूलाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रत्येक विधायक को आईपीएल मैच के चार वीआईपी टिकट दिए जाने चाहिए : कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा कि बेंगलूरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट मैचों के दौरान प्रत्येक विधायक को वीआईपी कोटे से चार टिकट सुनिश्चित किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने यह निर्देश, विपक्ष के नेता आर अशोक समेत कई विधायकों द्वारा यह दावा किये जाने के बाद जारी किया कि उन्हें मैचों के दौरान सिर्फ एक टिकट दिया गया और बैठने की उचित व्यवस्था नहीं की गई। कुछ विधायकों ने स्टेडियम में अपने लिए अलग लाउंज की भी मांग की।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब 28 मार्च को बेंगलूरु में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का उद्घाटन मुकाबला पिछले साल के विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होना है। विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने कहा कि वह कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अधिकारियों से बात करेंगे और विधानसभा के अगले सत्र के दौरान सदन को सूचित करेंगे। इस पर, खादर और कुछ विधायकों ने उल्लेख किया कि आईपीएल मैच 28 मार्च से शुरू हो रहे हैं। इसके बाद, शिवकुमार ने कहा कि वह तुरंत केएससीए अधिकारियों से बात करेंगे।

उन्होंने कहा, ''मैं वहां के अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। मैं केएससीए का सदस्य होने के नाते उनके चुनावों में वोट भी देता हूं। विधायकों द्वारा यह मांग करने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्हें यह सुविधा मांगने का पूरा अधिकार है। मैं उनसे बात करूंगा।''

यह मुद्दा एक चर्चा के दौरान उस वक्त उठा, जब मंत्री के. जे. जॉर्ज ने बेंगलूरु के विकास पर हो रही चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने पहले सुझाव दिया था कि अगर विरासत विमानन संस्थान जक्कूर फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल' को उसके वर्तमान स्थल से स्थानांतरित किया जाता है तो एक नया खेल मैदान या स्टेडियम बनाने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने इस प्रस्ताव का विरोध किया और आरोप लगाया कि सरकार 'बिल्डर्स' को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बाद में इस मुद्दे को स्थगित कर दिया, और कोई निर्णय नहीं लिया गया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सी. एन. अश्वथ नारायण ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए, सवाल किया कि क्या बेंगलूरु में क्रिकेट के एक नये मैदान के लिए जमीन की कमी है? उन्होंने कहा, क्या उन्हें सरकारी जमीन की जरूरत है? उन्हें केवल सरकारी अनुमति की जरूरत है।''

आर. अशोक ने कहा, ''वे (केएससीए) मैचों के दौरान हमें उपयुक्त रूप से टिकट नहीं देते हैं, फिर भी सरकार उन्हें स्टेडियम के लिए जमीन देना चाहती है।''

# विवेक में ही धर्म विद्यमान है : साध्वीश्री मनीषा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन सभा में गुरुवार को उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वीश्री मनीषा जी ने कहा कि विवेक में ही धर्म है। मन, वचन, काया की शुद्धता से दान, धर्म साधना, जप तप करने से साधक के कर्मों का बंधन नहीं होता है। धर्म पर सच्ची श्रद्धा रखते हुए परिवार, समाज में परस्पर सौहार्द, एकता और विकास के साथ विश्वास की मंगल भावना, आदर भाव रखना चाहिए। कल का पुरुषार्थ आज का भाग्य है। हमेशा अपने माता पिता और गुरु का यथोचित सत्कार,आदर सम्मान करते हुए अवसर का लाभ उठाना चाहिए। साध्वीश्री पूर्वा श्रीजी ने भगवान महावीर की अंतिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र के तीसरे अध्ययन पर सारगर्भित विवेचना प्रस्तुत की।इस अवसर पर हनुमंत नगर संघ के अध्यक्ष गौतम चंद सिंघवी आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार कचोलिया ने किया।

## कर्नाटक मानवता का राज्य है : यूटी खादर

बेंगलूरु। विधानसभा अध्यक्ष यू.टी. खादर ने विधानसभा में कहा कि कर्नाटक मानवता का राज्य है, प्रतिशोध का राज्य नहीं। गुरुवार को विधानसभा में ग्रेटर बेंगलूरु विषय पर उपमुख्यमंत्री के जवाब देते समय सदस्यों का खड़े होकर अनावश्यक रूप से बोलना उचित नहीं है। बहस की अनुमति पहले ही दे दी गई थी। बहस के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं सहित कई सदस्यों ने भाग लिया और कई मुद्दे उठाए तथा सुझाव भी दिए। उपमुख्यमंत्री के जवाब देते समय सदस्यों का खड़े होकर अनावश्यक रूप से बोलना ठीक नहीं है। सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करना कोई बड़ी बात नहीं है।



# दुख में सुख ढूंढने की कला को जिंदगी कहते हैं : मुनि पुलकित कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में गुरुवार को आयोजित प्रवचन में मुनिश्री पुलकित कुमार जी ने कहा कि इस लोक में अनंत जीव जन्म लेते हैं और अनंत मर जाते हैं। जन्म और मृत्यु के बीच के समय को हमें सार्थक करना है। सुख दुख तो जीवन के दो पाट होते हैं। दुख में सुख ढूंढने की कला को जिंदगी कहते हैं। ज्ञान दर्शन और चारित्र वे रत्न हैं जिन्हें पा कर हम अनमोल हो सकते हैं। हम भौतिक आसक्ति छोड़ें और व्रती बनें। मुनि पुलकित कुमार जी ने अपने स्वयं के जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी सांसारिक मातेश्वरी की प्रेरणा थी कि संसार के सर्वोच्च पद मुनि बनूं। आचार्य तुलसी जी से आशीर्वाद मिला और संयम के प्रति आकर्षण बढ़ा। घर का मोह छोड़ा, पैदल चले, लोच किया ज्ञानार्जन कर दीक्षा हेतु परीक्षा पास कर 14 वर्ष की उम्र में संयम ले कर आज वे शाश्वत सुख जैसा संयम में सुख अनुभव कर रहे हैं।ङ्ग इससे पूर्व प्रवचन प्रारंभ करते हुए मुनि श्री आदित्य कुमार जी ने कहा कि हम वर्तमान में जिएं और भविष्य सुधारें। वर्तमान व्यर्थ तो सर्व व्यर्थ हो सकता है। वर्तमान ही सत्य और साक्षात है। वर्तमान को जानने वाला पंडित होता है। वर्तमान ही हमारी गति और मंजिल स्पष्ट करता है। अलसूर श्रावक संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने सभा का संचालन करते हुए बताया कि मुनि द्वय ने अभी तक पांच हजार जैन परिवारों से संपर्क किया है। अध्यक्ष धनपत राज बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**